ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**अतिमहत्वपूर्ण / समयबद्ध**

संख्याः 1375 / भाविवि / प0नि0का0 / 2026 दिनांक 14 जुलाई, 2026

सेवा में,

**1.संकायाध्यक्ष**
**(कला एवं मानविकी संकाय, सामाजिक विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय, विज्ञान संकाय, विधि अध्ययन संकाय)**
**2.निदेशक– भेषजी संकाय, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय**
**3. समस्त विभागाध्यक्ष / विषय प्रभारी**
**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय,**
**लखनऊ।**

विषयः–शैक्षणिक सत्र 2026–27 में प्रवेशित छात्र–छात्राओ की APAAR ID (Automated Permanent Academic Account Registry) के निर्माण एवं विवरण उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप स्वयं अवगत है कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र–छात्रा का APAAR ID तैयार किया जाना एवं उसका विवरण समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।इसी क्रम में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में प्रवेशित समस्त छात्र–छात्राओं की APAAR ID का निर्माण व सत्यापन सुनिश्चित कराया जाना आवश्यक है।

तत्क्रम में आपसे अपेक्षित है कि अपने संकाय / विभाग के सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों को APAAR ID के महत्व एवं निर्माण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करें। यदि किसी विद्यार्थी की APAAR ID अभी तक निर्मित नहीं हुई है तो उसका निर्माण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराते हुए यथाशीघ्र विवरण नोडल APAAR ID को अविलम्ब उपलब्ध कराया जाए।

इस सम्बन्ध में आपसे यह भी अपेक्षित है कि विभाग स्तर पर आवश्यकतानुसार जागरूकता / ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को APAAR ID के उद्देश्य, उपयोगिता एवं निर्माण प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करें, जिससे निर्धारित समयावधि में शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

उक्त के अतिरिक्त इन लिंक को विभाग के समस्त विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए उन्हें APAAR ID निर्माण हेतु प्रेरित करें।

1 नैड डिजिलॉकर के मोबाइल एप्लीकेशन का लिंक
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.digilocker.android

2 नैड डिजिलॉकर के वेबसाइट का लिंक
https://nad.digilocker.gov.in/students

3 एबीसी आईडी क्रिएट करने का लिंक
https://www.abc.gov.in/

4 एबीसी आईडी कैसे क्रिएट करें यूट्यूब वीडियो का लिंक
https://youtu.be/oeLdD6VgkQY?si=e97-6Np_FSlj1QsF

यदि इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रक्रियात्मक सहायता अपेक्षित हो, तो डॉ0 रजा अब्बास हैदरी, नोडल ABC/APAAR ID से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

भवदीय

14.7.2026

( विकास )
कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रेषित।
1–वैक्तिक सहायक, कुलपति जी को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2–कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
3–अधिष्ठाता शैक्षणिक।
4– डॉ0 रजा अब्बास हैदरी, नोडल APAAR ID को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक